जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2021/1537 दिनांक : 15/12/2021

// संशोधित //

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय महाविद्यालय,
सम्बद्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :-ऑनलाईन ई-प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2021-22 के अन्तर्गत स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया के संबंध में दिशा निर्देश।

संदर्भ :-उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 1339/214/आउशि/शा-5'अ'/2021 भोपाल दिनांक 18.11.2021; पत्र क्रमांक 1379/214/आउशि/शा-5'अ'/2021 भोपाल दिनांक 30.11.2021; पत्र क्रमांक 1425/214/आउशि/शा-5'अ'/2021 भोपाल दिनांक 13.12.2021; एवं इस कार्यालय के पत्र क्रमांक जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2021/1502-बी दिनांक 30.11.2021; जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2021/1534 दिनांक 14.12.2021 के संदर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासन के उक्त पत्र के संदर्भ में समस्त महाविद्यालय स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों की एक्सेल फार्मेट में सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी जिनका नामांकन नहीं है, उनकी भी यथानुसार एक्सेल सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित की जावे। इसके साथ ही निर्धारित शुल्क की राशि भी प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची तैयार कर संबंधित विश्वविद्यालय को नामांकन हेतु प्रेषित करना सुनिशिचित करें। नामांकन हेतु निर्धारित शुल्क की राशि विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश के समय जमा की गयी प्रथम किश्त से भुगतान की जाये एवं तत्पश्चात् आगामी किश्तों में संबंधित विद्यार्थियों से नामांकन शुल्क जमा कराया जाये संबंधित विश्वविद्यालय में एक्सर शीट के साथ नामांकन शुल्क जमा करने की कार्यवाही दिनांक 25.12.2021 तक सुनिश्चित की जाए। एक्सेल शीट की सॉफ्ट कॉपी विश्वविद्यालय की ई-मेल judata.enrol@gmail.com पर निर्धारित तिथि तक भेजी जावे। (एक्सेल शीट संलग्न प्रोफार्मा अनुसार)

इसके साथ ही निर्धारित शुल्क की राशि के संबंध में समस्त महाविद्यालय प्रवेश सूची की हार्ड एवं साफ्ट कॉपी एक्सेल शीट के साथ जिसमें महाविद्यालय में शासन द्वारा ऑनलाईन ई-प्रवेश प्रक्रिया 2021-22 के अन्तर्गत प्रवेशित छात्रों के नाम, कक्षा का नाम, पिता एवं माता का नाम, जन्म तिथि, पता, मोबाईल नम्बर, नामांकन शुल्क राशि जिसका ग्राण्ड टोटल बॉटम लाईन में आवश्यक रूप से अंकित करें। लेखा शाखा की कैश शाखा के पास नामांकन जमा राशि के NEFT की रसीद महाविद्यालय द्वारा प्रमाणित कर कैश शाखा में जमा करायें। जिससे कैश इंचार्ज एक्सैल शीट के ग्राण्ड टोटल एवं NEFT में जमा राशि की रसीद से मिलान कर मुहर हस्ताक्षर सहित अंकित करेंगे तदोपरान्त यह एक्सैल शीट परीक्षा के नामांकन शाखा को भेजी जावेगी।

महाविद्यालय द्वारा नामांकन की धनराशि प्राचार्य के खाते से ही विश्वविद्यालय के सैंट्रल बैंक में संधारित बचत खाता क्रमांक 1813358364 IFSC कोड CBIN0283189 में NEFT किया जावे। महाविद्यालय द्वारा यदि अन्य खाते से नामांकन धनराशि जमा की जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं की जावेगी।

यहाँ यह भी उल्लेख है कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल से 12वीं एवं म.प्र. के विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण छात्रों की नामांकन शुल्क रू. 100/- तथा मध्यप्रदेश से बाहर के बोर्डों/CBSC एवं विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण छात्रों हेतु नाामांकन शुल्क रू. 200/- रहेगा। समस्त महाविद्यालय एक्सेल शीट एवं जमा राशि के प्रपत्र दिनांक 25.12.2021 तक नामांकन शाखा को आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सत्र 2021-22 हेतु सम्बद्धता पत्र की प्रति भी आवश्यक रूप से संलग्न करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक, लेखा विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

ई-प्रवेश से सम्बन्धित प्रारुप

स.क्र.	एप्लीकेशन नं.	छात्र का नाम	पिता का नाम	माता का नाम	महाविद्यालय	कोर्स / पाठ्यक्रम	कैटेगरी (SC/ST/OBC/Gen)	जन्म तिथि	मोबाइल	पता	बोर्ड/विश्वविद्यालय	शुल्क